भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर) 2021-2022(

कक्षा 10	विषय- हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)	Date -
प्रश्न बैंक (MCQ)	वाक्य भेद & रूपांतरण	Note: Please file in portfolio.

नाम:____________________________अनुभाग:______अनुक्रमांक:______दिनांक:______________

१. "अपराध सिद्ध होने पर उसे सजा हुई ।" वाक्य भेद है -

(i) संयुक्त वाक्य (ii) सरल वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य (iv) प्रश्नवाचक

२.शहर में लगातार वर्षा होने से लोग परेशान हो गए।- वाक्य भेद है-

(i) संदेहार्थक वाक्य (ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य (iv) संयुक्त वाक्य

३. 'सभा समाप्त हुई और सब लोग वहाँ से चले गए।'-इसका सरल वाक्य होगा-

(i) जैसे ही सभा समाप्त हुई वैसे ही सब लोग वहाँ से चले गए ।

(ii) सभा समाप्त हुई लेकिन सब लोग वहाँ से चले गए ।

(iii) सभा के समाप्त होते ही सब लोग वहाँ से चले गए ।

(iv) सभा समाप्त हुई इसलिए सब लोग वहाँ से चले गए ।

४. 'जो व्यक्ति बुद्धिमान होते हैं वे सफल होते हैं ।' - वाक्य भेद है -

(i) संयुक्त वाक्य (ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य (iv) इच्छार्थक

५. "जब संध्याकाल हुआ तब पक्षी चहचहाने लगे ।"- आश्रित उपवाक्य और भेद चुनिए-

(i) पक्षी चहचहाने लगे - संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(ii) जब संध्याकाल हुआ - क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य

(iii) जब संध्याकाल हुआ - संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(iv) पक्षी चहचहाने लगे - विशेषण आश्रित उपवाक्य

६.गांधी जी ने कहा कि सत्य और अहिंसा ही धर्म है I-आश्रित उपवाक्य होगा -

(i) गांधी जी (ii) गांधी जी ने कहा

(iii) अहिंसा ही धर्म है (iv) सत्य और अहिंसा ही धर्म है

७. आप अंदर बैठकर देर तक बातें करें I- इसका संयुक्त वाक्य होगा-

(i) जैसे ही आप अंदर बैठेंगे वैसे ही बातें करेंगे ।

(ii) आप देर तक बातें करेंगे क्योंकि आप अंदर बैठेंगे ।

(iii) आप अंदर बैठें और देर तक बातें करें ।

(iv) उपर्युक्त सभी

८.यह पहली बार है कि मैंने तुम्हें निराश देखा है । - वाक्य भेद होगा -

(i) संयुक्त वाक्य (ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य (iv) विस्मयादिबोधक

९.जो गुणी व्यक्ति होता है उसे सभी चाहते हैं । -प्रधान उपवाक्य कौन सा है ?

(i) जो गुणी व्यक्ति (ii) जो गुणी व्यक्ति होता है

(iii) उसे सभी चाहते हैं (iv) कोई नहीं

१०.बच्चों को चित्रों वाली पुस्तक चाहिए । इसका मिश्र वाक्य होगा -

(i) बच्चों को वह पुस्तक चाहिए जो चित्रों वाली है ।

(ii) वह पुस्तक चित्रों वाली है और बच्चों को वही चाहिए ।

(iii) चित्रों वाली पुस्तक बच्चों को चाहिए ।

(iv) उपर्युक्त सभी

११.उसने घर आकर भोजन किया । -इसका संयुक्त वाक्य होगा -

(i) उसने घर आया और भोजन किया ।

(ii) उसने घर आया इसलिए भोजन किया ।

(iii) वह घर आया और उसने भोजन किया ।

(iv) वह घर आएगा तो भोजन करेगा ।

१२.माँ ने पीटा तो बालक रूठ गया । - इसका सरल वाक्य होगा -

(i) जब माँ ने पीटा तब बालक रूठ गया ।

(ii) जैसे ही माँ ने पीटा वैसे ही बालक रूठ गया ।

(iii) माँ ने पीटा इसलिए बालक रूठ गया ।

(iv) माँ के पीटने पर बालक रूठ गया ।

१३.पंक्ति में पीछे खड़े लोग टिकट नहीं खरीद सके । - वाक्य भेद होगा -

(i) संयुक्त वाक्य (ii) सरल वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य (iv) कोई नहीं

१४.चूहे ने जो कालीन काट डाला है वह बहुत मोटा था । - वाक्य भेद होगा -

(i) संयुक्त वाक्य (ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य (iv) संकेतार्थक वाक्य

१५.लोग पहुँच गए थे लेकिन कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ । - वाक्य भेद होगा -

(i) आज्ञार्थक वाक्य (ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य (iv) संयुक्त वाक्य

(**उत्तर- १**. (ii)सरल वाक्य **२**.(iii)सरल वाक्य **३.** (iii)मिश्र वाक्य **४**.(ii) मिश्र वाक्य
५.(ii) जब संध्याकाल हुआ - क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
६. (iv) सत्य और अहिंसा ही धर्म है **७**.(iii) आप अंदर बैठें और देर तक बातें करें ।

८. (ii) मिश्र वाक्य **९**. (iii) उसे सभी चाहते हैं **१०**. (i) बच्चों को वह पुस्तक चाहिए जो चित्रों वाली है । **११**.(iii) वह घर आया और उसने भोजन किया। **१२.** (iv) माँ के पीटने पर बालक रूठ गया । **१३**. (ii) सरल वाक्य **१४**. (ii) मिश्र वाक्य **१५**. (iv) संयुक्त वाक्य

****